卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 189 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦16 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# यूपी में अलर्ट, सामने आया हत्यारों का आपराधिक रिकार्ड

## तीनों हत्यारों पर केस दर्ज, हत्यारों ने पूछताछ में कहा-अतीक गैंग का सफाया और नाम कमाने के लिए की हत्या

प्रयागराज(उद ब्यूरो)। हॉस्पिटल में जांच कराने के दौरान माफिया अतीक



अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या के बाद यूपी में अलर्ट हैं। मुख्यमंत्री हर दो घंटे की रिपोर्ट ले रहे हैं। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 के तहत एफआईआर दर्ज की है। आर्म्स एक्ट की धारा 3,7, 25,27 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। अतीक और अशरफ को मारने वाले आरोपियों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। आरोपियों ने पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारी दी हैं। आरोपियों का कहना है कि हम अतीक गैंग का सफाया करना चाहते थे। हम प्रदेश में अपना नाम कमाना चाहते हैं। दोनों को



मारने के लिए हम पत्रकार बनकर आए थे। हम हत्या करके भाग नहीं पाए। पुलिस पूछताछ में तीनों हत्यारों का क्रिमिनल बैकग्राउंड सामने आया है। ये तीनों आरोपी यूपी के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। अतीक हत्याकांड में शामिल सनी हमीरपुर, अरुण उर्फ कालिया कासगंज और लवलेश तिवारी बांदा जिले का रहने वाला है। सनी सिंह हमीरपुर जिले के कुरारा कस्बे का रहने वाला है। वो कुरारा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ करीब 15 केस दर्ज हैं। उसके भाई पिंटू ने बताया कि वो बीते 10 साल से अपने घर नहीं आया है। सनी के पिता जगत सिंह और मां की मौत हो चुकी है। सनी के तीन भाई थे, जिनमें से एक की मौत हो चुकी है और दूसरा भाई पिंटू घर पर रहता है और चाय की दुकान चलाता है। भाई ने बताया कि ये ऐसे ही घूमता-फिरता रहता था और फालतू के काम करता रहता था। हम उससे अलग रहते हैं, वो बचपन में ही घर से भाग गया था। अतीक-अशरफ हत्याकांड में कासगंज का अरुण उर्फ कालिया भी शामिल था। वो सोरों थाना क्षेत्र के बघेला पुख्ता का रहने वाला है। अरुण के पिता का नाम हीरालाल बताया जा रहा है। वो छह साल से बाहर रह रहा था। उसके माता-पिता की मौत करीब 15 पहले हो चुकी थी। अरुण ने जीआरपी थाने में तैनात पुलिसकर्मी की हत्या कर दी थी, जिसके बाद से ही वो फरार है। अरुण के दो छोटे भाई भी हैं जोकि फरीदाबाद में रहकर कबाडे का काम करते हैं। बांदा में लवलेश तिवारी के घर का पता चल गया है। वो शहर कोतवाली के क्योतरा इलाके का रहने वाला है। उसके पिता का कहना है कि बेटे से उसका कोई मतलब नहीं था। वह कभी-कभी ही घर आता-जाता था। लवलेश के खिलाफ चार केस हैं। इनमें पहले मामले में उसे एक महीने की सजा हुई थी। दूसरा मामला लड़की को थप्पड़ मारने का था, उसमें डेढ़ साल की जेल हुई थी।तीसरा मामला शराब से जुड़ा हुआ था, इसके अलावा (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रयागराज के होटल में रुके थे हत्यारे

प्रयागराज। हत्यारों से पूछताछ में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। हत्यारे यूपी के अलग-अलग जिलों से आए थे, इसलिए उन्होंने प्रयागराज में रुकने के लिए होटल लिया था। उन्होंने 48 घंटों से होटल में ठिकाना बनाया हुआ था, जिस होटल में वो रुके थे,वहां पुलिस अब छानबीन कर रही है। इसमें पता चला है कि एक हत्यारा वारदात को अंजाम देने के दौरान हैंगिंग बैग लेकर आया था। हत्यारों का सामान अब भी होटल में होने की संभावना है।अपराधियों ने अतीक और अशरफ की हत्या में जिगाना मेड पिस्टल का इस्तेमाल किया था। यह पिस्टल तुर्की में बनती है और गैरकानूनी तरीके से बॉर्डर क्रॉस कर इसे यहां लाया जाता है। भारत में इस पिस्टल पर बैन लगा हुआ है। इसकी कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपये है।

## अतीक पर दर्ज थे 102 आपराधिक मामले

प्रयागराज। अतीक पर हत्या,अपहरण,वसूली,हमला और जमीन कब्जा समेत 102 आपराधिक मामले दर्ज थे। चार दशक पहले महज 17 वर्ष की उम्र में हत्या सरीखी वारदात को अंजाम प्रयागराज में सनसनी मचाने वाले अतीक ने अपराध की दुनिया में कदम रखा तो वह आगे बढ़ता ही गया। एक के बाद एक हत्या, अपहरण, जमीन पर कब्जा, हत्या के प्रयास सरीखी सौ से अधिक वारदात को अंजाम देने वाले अतीक ने क्षेत्रीय दलों की सरकारों को अपनी अंगुलियों पर नचाया।

## सफेदपोशों पर भी घूम रही शक की सुई

प्रयागराज। रिमांड पर लिए गए माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सुरक्षा घेरे में हत्या की वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड के पीछे शक की सूई रसूखदार सफेदपोशों की ओर घूमने लगी है। एक दिन पहले ही धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने रिश्तों का खुलासा किया था। आशंका है कि राज खुलने के डर से माफिया और उसके भाई की जान ली जा सकती है। फिलहाल पुलिस इस पहलू पर पैनी नजर रखे हुए है। अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज खुलासे किए और प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई गणमान्यों के नाम गिनाए थे। यह वो नाम हैं जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। रियल एस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपाने वालों के अलावा कई सफेदपेशों तक आंच आने लगी थी। बताया जाता है कि इस तरह के (शेष पृष्ठ सात पर)

## ओवेसी ने की मुख्यमंत्री योगी के इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली। हत्याकाण्ड को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि जो हत्या हुई है उसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की है। अगर उनमें संवैधानिक नैतिकता जिंदा है तो उनको अपने पद को छोड़ना पड़ेगा...। हम मांग करते है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें, सुप्रीम कोर्ट इसमें एक जांच दल मनाए और इस मामले का स्वत: संज्ञान ले वरना यह चलता रहेगा। संविधान के मुताबिक उन सब पुलिस वालों को उनकी सर्विस से निकालना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि मैं शुरू से कह रहा था कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार कानून के मुताबिक नहीं बल्कि बंदूक के दम पर चल रही है। हम लोग इसी बात को दोहरा रहे थे लेकिन सबको लगता था कि हम हवाई बातें कर रहे हैं। इससे लोगों में संविधान में विश्वास कम होगा। इस घटना की निंदा करने के लिए शब्द नहीं है। उधर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश भर में चर्चित इस अति-गंभीर व अति- चिन्तनीय घटना का माननीय सुप्रीम कोर्ट अगर स्वंय ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो बेहतर। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि हत्याकाण्ड यूपी सरकार की कानून-व्यवस्था व उसकी कार्यप्रणाली पर अनेकों गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।

# पुरानी पेंशन के लिए निकाला संवैधानिक मार्च

रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आज कर्मचारी अधिकारी और शिक्षकों ने संवैधानिक मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। एनएमओपीएस संगठन के तत्वाधान में पूरे देश भर में जिला मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संवैधानिक मार्च के ऐलान के तहत जिला मुख्यालय रूद्रपुर में भी जिले भर के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण गण



पुरानी पेंशन की मांग को लेकर गांधी पार्क पर एकत्र हुए। यहां पर वक्ताओं ने कहा कि1 अक्टूबर 2005 के बाद नियुक्त सरकारी अधिकारी ,कर्मचारी, शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए एनएमओपीएस विगत 5 वर्षो से आवाज उठाता आ रहा है लेकिन पुरानी पेंशन की बहालीकी दिशा में सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। वक्ताओं ने कहा कि यह अधिकारी,शिक्षक, कर्मचारी की प्रमुख समस्या है। देश के पांच प्रदेशों राजस्थान,छत्तीसगढ़, झारखंड,पंजाब व हिमाचल में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। प्रदर्शनकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

# घर और दुकान से लाखों के जेवर और नगदी चोरी

## परिजनों को कमरों में बंद कर फरार हुए चोर

रूद्रपुर।अज्ञात चोरों ने आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में एक ही घर व दुकान में घुसकर वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवरात व हजारों की नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। जिसके पश्चात चोर परिजनों के कमरों के बाहर चिटकनी लगाकर फरार हो गये। प्रात: परिजनों ने किसी से कमरे खुलवाये और मामले की जानकारी पुलिस को दी। आजाद नगर वार्ड 4 निवासी गौतम विश्वास पुत्र गौर विश्वास ने बताया कि गत रात्रि वह परिवार सहित रोज की तरह खाना खाकर



सो गया था। प्रात: करीब 4 बजे उसका बच्चा पेशाब करने उठा तो उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला। जिस पर उसने अपनी पत्नी को फोन किया। लेकिन उसके कमरे का दरवाजा भी नहीं खुला। दोनों दरवाजे बाहर से बंद किये गये थे। गौतम ने बताया इसके बाद उसने किसी अन्य को फोन कर कमरों का दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने पर उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

# दिलीप पर हमले के खिलाफ एसपी सिटी से मिले कांग्रेसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस महानगर पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में कांग्रेस जनों का एक शिष्ट मंडल एस पी सिटी मनोज फर्त्याल से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंप कर कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी से मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। दिलीप ने बताया कि निवेदन इस प्रकार है कि 15 अप्रैल को अरविन्द नगर वार्ड 5, की ओर जा रहा था। मार्ग में सुबध मंडल पुत्र बलाई मंडल की दुकान के सामने जाम लगा हुआ था। तभी पीछे से आ रहे शिवम वर्मा व शुभम विश्वास उससे कहने लगे तूने अपनी स्कूटी खड़ी करके जमा लगा



रखा है। जिस पर दोनों युवको ने उससे मारपीट चालू कर दी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। मौके पर खड़े लोगों ने उसे बचाया। वरना उक्त लोग उसे जान से मार देते। दिलीप ने कहा अब उक्त लोगों ने उसके विरूद्ध ट्रांजिट कैम्प थाना में झूठा छेड़खानी का मुकदमा लिखवाया है।उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दर्ज मुकदमें को समाप्त किया जाए। शिष्ट मंडल (शेष पृष्ठ सात पर)

# कांता रानी सुखीजा के निधन पर चिकित्सकों ने जताया शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक संवेदना का सिलसिला जारी है। गत सांय शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों, भाजपा नेताओं और तमाम समाजसेवियों ने निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। बता दें बीती 10 अप्रैल को उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा का लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया था। निधन के बाद से ही श्री सुखीजा के घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा



है। दिवंगत कांता रानी सुखीजा की आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी तेरहवीं का कार्यक्रम 22 अप्रैल दोपहर को पांच मंदिर में होना है। बीती शाम शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हिमांशु बंसल, डॉक्टर अनुपमा बंसल, डॉ नारायण अदलखा के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान,उत्तम दत्ता,चंद्रसेन कोली, समाजसेवी हरिओम कक्कड़, हरीश पसरीचा, सचिन अरोरा,विजय कुमार, राकेश सिंह, भूषण कुमार, गोविंद राम, अमित कुमार श्रीमती विमला पसरीचा,लीला आहुजा, कृष्णा तनेजा, सुनीता रानी, सोनिया सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े दर्जनों लोगों ने घर पहुंचकर श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त किया और (शेष पृष्ठ सात पर)

# युवा सिर्फ रोजगार पाने वाले न बने बल्कि रोजगार देने वाले बनें

## सीएम धामी ने बच्चों से किया संवाद, सवालों का दिया जवाब



देहरादून। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 'हिल की बात : युवा संवाद' कार्यक्रम में सीएम ने स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान बागेश्वर के दिव्यम कंडवाल ने कहा कि उनके पिता राजनीति में थे। मम्मी की हमेशा शिकायत रहती थी कि वह परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। परिवार को समय न दे पाने को लेकर शिकायत का कभी ऐसा समय आपके जीवन में भी आया? जवाब में सीएम ने कहा- यह बिल्कुल सच यह समय बार-बार आता है लेकिन राजनीति कोई पार्टटाइम जॉब नहीं है। इसके लिए बहुत कुछ बलिदान करना पड़ता है। यह प्रोफेशन नहीं, मिशन है। भूमिका रावत ने पूछा कि देहरादून भारत की स्कूल राजधानी है लेकिन उच्च शिक्षा के मामले में लड़कियों को बाहर जाने को मजबूर होना पड़ता है? इस पर सीएम ने कहा कि सरकार इस दिशा में गंभीर है और उच्च शिक्षा के विश्वस्तरीय संस्थान खोलेगी। रोजगार व स्वरोजगार के दिशा में काम हो रहा है। कहा कि हमें 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। इसके लिए छात्र-छात्राओं और युवाओं का भी सहयोग जरूरी है। 2025 तक देवभूमि को नशामुक्त बनाने का लभ्य रखा गया है।ऋषिका भट्ट ने पूछा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों के लिए समय कैसे निकालें? सीएम ने कहा कि बच्चों को इस बात का ध्यान देना होगा कि जिस समय जो कार्य कर रहे हैं, उस समय पूरा ध्यान उस कार्य पर होना चाहिए। गढ़खेत की रिया गुंसाई ने पूछा कि युवाओं के लिए आपका क्या विजन है? जवाब में सीएम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवा सिर्फ रोजगार पाने वाले न बने, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। राज्य में स्वरोजगार के अलावा हार्टिकल्चर, पर्यटन, स्टार्टअप को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। युवा संवाद में विकासनगर की वंशिका ममगाईं समेत कई छात्रों ने बेबाकी से प्रश्न किए तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए उत्तर दिए। सीएम ने कहा कि तुम्हें अपने मात-पिता से यह कहना चाहिए कि अपने कॅरिअर के मैं जो भी करुंगी, वह बहुत अच्छा करुंगी।हमें कुछ बनने के लिए नहीं बल्कि देश-समाज के लिए सराहनीय काम करना है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने राज्य की लोक परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। स्कूली बच्चों द्वारा भाषण एवं कविता का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मुख्यमंत्री से संवाद भी किया। सीएम ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त कानून लागू किया गया है। जो भी भर्ती परीक्षाओं में धांधली करते हुए पाए गए उन पर सख्त कार्रवाई की गई। 90 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक दुर्गेश पंत, आर.जे काव्य एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा उपस्थित थे।

## उत्तराखंड में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी

देहरादून। शहर में शनिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। दून में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है। साथ ही 18 अप्रैल को पर्वतीय क्षेत्रों और 19 को उत्तराखंड के सभी जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। उत्तराखंड में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, 19 अप्रैल को गर्मी से राहत की उम्मीद है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जनपदों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले दो तीन दिन में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेशवर, अल्मोड़ा के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं, मैदानी इलाकों में अगले दो-तीन दिन में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। वहीं ऊधमसिंहनगर नगर जिले में गर्मी बढ़ने लगी है। शनिवार दोपहर लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। गर्मी के कारण बाजार में भी दोपहर के बाद सन्नाटा पसरा रहा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर गर्म हवाओं के साथ ही लू भी चलने लगेगी। रुद्रपुर में सुबह 11 बजे से ही तेज धूप पड़ने लगी थी। दोपहर के समय गर्म हवाएं चलने से लोग बेहाल हो गए। गर्मी से बचने के लिए लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढकते हुए निकले। गर्मी के कारण ठेला व्यापारी भी अपने ठेलों पर छतरी लगाए नजर आए। रोडवेज स्टेशन परिसर में भी यात्री गर्मी से बेहाल दिखे। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि राजस्थान से चली पछुआ पवन तराई में पहुंच चुकी है। इस कारण गर्म हवाएं चलने से लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान के 40 डिग्री पहुंचने के बाद गर्म हवाओं के साथ लू भी चलने लगेगी। एक सप्ताह के भीतर और अधिक गर्मी पड़ सकती है। डॉ. सिंह ने कहा कि गर्मी से बचने के लिए अधिक मात्रा में पानी पीएं। दोपहर के समय जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।

## कोराना संक्रमित दो लोगों की मौत, 94 नए मामले मिले

देहरादून। कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ रही है। शनिवार को प्रदेश में कोरोना के 94 नए मामले मिले हैं। वहीं, एक मरीज की मौत हुई है। कोरोना संक्रमित मरीज की मौत दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में हुई। गत दिवस भी कोरोना से एक मरीज की मौत हुई थी। संक्रमण बढने के साथ ही मरीजों की मौत के मामले सामने आने से चिंता बढ़ गई है। राज्य में वर्तमान में कोरोना के 292 सक्रिय मामले हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 48 लोग देहरादून में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।इसके अलावा नैनीताल में 29, हरिद्वार में चार, टिहरी व बागेश्वर में तीन-तीन, अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ में दो-दो, ऊधमसिंहनगर, उत्तरकाशी व पौड़ी में एक-एक व्यक्ति संक्रमित मिला है। इस साल प्रदेश में अभी तक कोरोना के 797 मामले मिल चुके हैं। इनमें से अधिकांश मरीज ठीक हो चुके हैं।शनिवार को भी 79 मरीज स्वस्थ्य हुए। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो लोग कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं उनमें अधिकांश में सामान्य लक्षण हैं। सामान्य लक्षण वाले मरीज घर पर ही आइसोलेट होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बहुत कम मरीज ऐसे हैं जिन्हें



अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है।वहीं ऊधमसिंह नगर जिले में एकबार फिर से कोविड के मामले बढ़ने लगे हैं। करीब एक सप्ताह पहले ऊधमसिंह नगर में कोविड के दो मामले सामने आए थे। इनमें एक मरीज बाजपुर व एक काशीपुर में मिला था। इनके स्वस्थ होने के बाद शनिवार को फिर से छह माह की बच्ची सहित दो लोगों संक्रमित मिले हैं। जिन्हें आइसोलेट किया जा रहा है। ऊधमसिंह नगर जिले में कोविड के मामले बढ़ने से अब स्वास्थ्य महकमे को फिर से इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था करनी होगी। इस क्रम में विभाग की ओर से आम जनता से कोविड नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है और लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी जा रही है। पिछले 15 दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों में कोरोना के मामले बढ़ने शुरू हुए हैं। शनिवार को ऊधमसिंह नगर जिले में यूपी निवासी एक परिवार की छह माह की बच्ची का स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी कोविड जांच कराई गई तो वह कोरोना पाजिटिव निकल आयी। इस पर आनन-फानन में विभाग ने उसे आब्जर्वेशन में ले लिया। वहीं दूसरा मामला जसपुर से सामने आया है। वहां एक 17 वर्षीय किशोर में कोविड के लक्षण मिले हैं। विभागीय टीम ने जांच के बाद उसे आइसोलेट कर दिया है। इस बीच विभाग की ओर से बताया जा रहा है कि जिले में कोरोना जांच के लिए रोजाना 200 तक सैंपलिंग हो रही है। फिलहाल वैक्सीनेशन का काम ठप है। पिछले करीब एक माह से वैक्सीनेशन नहीं होने से लोग अस्पतालों के चक्कर भी काट रहे हैं। एसीएमओ डा. तपन शर्मा ने बताया कि वैक्सीन की डिमांड भेजी गई है।

## नशा मुक्ति केंद्र में हुई युवक की हत्या का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

देहरादून। पिछले दिनों देहरादून के आराध्या फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र चंद्रबनी में हुई युवक की हत्या के मामले में क्लेमेनटाउन थाना पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। 11 अप्रैल को थाना क्लेमेनटाउन में हेमंत निवासी लेन नंबर 1 क्लेमेनटाउन ने सूचना दी थी कि उनके भाई सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू को लगभग 20-25 दिन पहले आराध्य फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र चंद्रबनी में भर्ती कराया गया था। जिसे नशा मुक्ति केंद्र के संचालक प्रशांत जुयाल, अजय शर्मा, मनीष कुमार एवं मोहन थापा ने बेरहमी से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। बताया कि 11 अप्रैल की सुबह लगभग सात बजे नशा मुक्ति केंद्र कर्मी सिद्धार्थ के शव को कपड़े में लपेटकर घर के बाहर छोड़कर भाग गए। इस मामले में थाना क्लेमेनटाउन में



हत्या, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति निवारण अधिनियम अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। जांच में पाया गया कि नशा केंद्र संचालक प्रशांत जुयाल व अजय शर्मा ने 10 अप्रैल की रात में सिद्धार्थ के साथ काफी मारपीट की थी, जिस कारण अगले दिन सुबह तक सिद्धार्थ की मृत्यु हो चुकी थी। फिर प्रशांत के कहने पर अजय, मनीष कुमार व मोहन थापा के द्वारा प्रशांत की गाड़ी स्विफ्ट कार से सिद्धार्थ के शव को उसके घर के बाहर क्लेमेनटाउन में छोड़ा गया था। विवेचना में आरोपों की पुष्टि होने पर प्रशांत जुयाल निवासी शिवकुटी क्लेमेनटाउन, अजय शर्मा निवासी डोईवाला, मनीष कुमार निवासी चंदर रोड डालनवाला और मोहन थापा निवासी न्यू बस्ती क्लेमेनटाउन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डीएम ने दिये पर्यटकों हेतु सुविधा मुहैया कराने के निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के संदर्भ में जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमे पर्यटक स्थलों, दर्शनीय स्थलों, धार्मिक स्थलों, इको टूरिज्म से संबंधित स्थलों तथा ट्रैक रूट को अधिक से अधिक विकसित किये जाने, पर्यटकों हेतु अधिक से अधिक सुविधा मुहैया कराने, विकसित अवस्थापना सुविधाओं तथा पर्यटकों हेतु उपलब्ध करायी गयी अन्य सुविधाओं का अभिलेखीकरण का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पर्यटकों के दृष्टिकोण से व्यापक सूचना तन्त्र विकसित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पर्यटन से संबंधित उपलब्ध अवस्थापना सुविधायें, सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों स्तर पर किये गये कार्यों, पर्यटकों व ट्रैकरों हेतु किस प्रकार की सूचना तंत्र होनी चहिए, जनपद में उपलब्ध सूचना तंत्र पर भी चर्चा की गई। साथ ही पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए क्या किया जा रहा है तथा क्या किया जाना चहिए आदि बिन्दुओं पर चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती जोशी ने वीसी के माध्यम



से जुड़े जनपद के समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ट्रैकिंग रूट में ट्रैकर्स का डेटाबेस तैयार करना सुनिश्चित करें व एक सप्ताह में उसकी रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को भी उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी ट्रैकिंग रूट है उन्हे चिन्हित कर उच्च हिमालय क्षेत्रों में जाने वाले ट्रैकर्स का एक डेटाबेस तैयार करें । जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन से जुड़े विभिन्न संगठनों, पर्यटन व्यवसायियो आदि से भी सहयोग ले। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि जनपद अन्तर्गत जो भी पर्यटन से संबंधित कार्य किये जा रहे हो, उसका पूर्ण विवरण, विकसित किये गये समस्त अभिलेख, कम्पाइल किये गये समस्त फोटोग्राफस तथा जनपद में पर्यटन की गतिविधियों को विकसित करने हेतु योजना बनाकर कार्य करें। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर अनुराग आर्य, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर जिला पर्यटन विभाग से आए अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट शुरू करने का झांसा देकर 12 करोड़ की ठगी

देहरादून। फर्जी कंपनियां दिखाकर उनके माध्यम से प्रोजेक्ट शुरू करने का झांसा देकर कुछ व्यक्तियों ने दून वैली कोलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक से 12 करोड़ रुपये की ठगी कर दी। यह प्रोजेक्ट उन्हीं की जमीन पर बनाया जाना था, लेकिन आरोपितों ने धोखाधड़ी कर शिकायकर्त्ता की पूरी जमीन ही बेच दी। राजपुर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर बालाजी डेवलपवेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सहित 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता प्रदीप नागरथ निवासी इंडस्ट्रियल एरिया पटेलनगर ने पुलिस को बताया कि वह दून वैली कोलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के वर्ष 1992 से निदेशक हैं। उनकी कंपनी की 35 वर्षों से 36 बीघा भूमि तरला नागल, सहस्रधारा में है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र खरबंदा खुद को बालाजी डेवलपवेल कंपनी का निदेशक बताता है। उसकी कंपनी दिल्ली के पते पर रजिस्टर्ड थी। पांच जुलाई, 2014 को जितेंद्र ने तरला नागल स्थित उनकी कंपनी की भूमि पर हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाकर बेचने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव देते समय आरोपित ने यह बात छिपाई कि उनकी कंपनी वर्ष 2011 से आस्तित्व में नहीं थी। जितेंद्र ने प्रदीप से कहा कि आप काम के सिलसिले में अधिकतर बाहर रहते हैं, ऐसे में हाउसिंग प्रोजेक्ट में पूरा समय नहीं दे पाएंगे। प्रोजेक्ट का कार्य प्रभावित न हो, इसलिए कार्यों की देखभाल के लिए अपनी जगह अजय पुंडीर को अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर दें। जितेंद्र के झांसे में आकर प्रदीप ने अजय पुंडीर को अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया। तीन मार्च 2016 को आरोपितों ने एक सहमतिपत्र तैयार कराया, जिसमें 100 रुपये के शथपपत्र पर लिखकर दिया कि दून वैली कंपनी के हाउसिंग प्रोजेक्ट में अब बिना हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाए ही सभी भूमि सीधे प्लाटिंग करके विक्रय कर दी जाएगी। आरोपितों ने सहमति पत्र से उनकी करीब 12 करोड़ रुपये की जमीन बेच दी और इसमें अपने कुछ अन्य साथियों को भी शामिल किया। राजपुर थानाध्यक्ष जतिंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जितेंद्र खरबंदा, अजय पुंडीर निवासी किरसाली, रीमा खुराना निवासी ग्रेटर कैलाश नई दिल्ली, सीमा खुराना निवासी जीटीएस मलीनी मार्ग चर्चगेट मुंबई, ओमदत्त शर्मा निवासी शहदरा दिल्ली, कर्मवीर सिंह निवासी गोविंद खंड विश्वकर्मा नगर दिल्ली, अजय खरबंदा निवासी झिलमिल कालोनी नई दिल्ली, मुकेश कुमार निवासी बालाजी डेवलपवेल, कृष्णा निवासी झिलमिल कालोनी दिल्ली, नूर हसन निवासी तरला नागल, सहस्रधारा रोड और हेमेंद्र अग्रवाल निवासी राजपुर रोड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विशाल भंडारे के साथ पांच दिवसीय मेले का समापन





शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।क्षेत्र के सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम में पांच दिवसीय मेले के अंतिम दिवस का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भंडारे में समूचे क्षेत्र सहित ,रुद्रपुर, दिनेशपुर,किच्छा, गदरपुर, नानकमत्ता, खटीमा, पीलीभीत, दिल्ली आदि क्षेत्रों से श्रद्धालू बाबा भोले नाथ का प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे। प्रसाद सुबह से देर रात तक चलता रहा । साथ ही प्रसाद ग्रहण कर लोगो ने सुंदर मेले का भी आनंद लिया। बच्चों ने तरह तरह के झूलो का आनंद लिया । पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विश्वजीत हालदार ने भंडारे में मौजूद कोर कमेटी,पूजा कमेटी,सहित श्रम दान कर रहे भक्तो को अंग वस्त्र देकर सराहना की। भंडारे में पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मण्डल,उपाध्यक्ष अमित रॉय,सचिव सुशांत रॉय,उपसचिव विधान शील,मुख्य

## तारकनाथ धाम मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

कोषाध्यक्ष अनंत हालदार,आय कोषाध्यक्ष राजू मीरवर,आय कोषाध्यक्ष आशीष हालदार,आय कोषाध्यक्ष तापस मण्डल,व्याय कोषाध्यक्ष जगदीश मण्डल, व्याय कोषाध्यक्ष राजू हालदार, व्यय कोषाध्यक्ष अशोक पल्ले, परिचालक मिथुन मण्डल,उप परिचालक विक्की बैरागी,प्लाटिंग कार्यकर्ता विजय सिकदार,सुकुमार विश्वास, ऑडिटर सपन हालदार, संरक्षक राजा हालदार, सुनील बिश्वास, दीपक बढ़ाल व कोर कमेटी मे संतोष राय,सचिंद्र नाथ हालदार,निर्मल मिस्त्री,रंजीत हालदार,उत्तम शील,गिरिधारी मल्लिक,जयदेव हालदार,गोपाल सरकार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शम्भू साना ,देवशीष पोद्दार आदि



ग्रामीण मौजूद थे।बैकुंठपुर बाबा तारकनाथ धाम में महामेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 48 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। 4 दिवसीय राउंड में डीडीआर ग्रुप ने प्रथम स्थान तो द्वितीय स्थान में 5 बर्ष की बालिका मीता वैद्य तो तृतीय स्थान डीडीआर डांस अकाडमी के सोनू ने बाजी मारी।प्रथम पुरुस्कार आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के द्वारा 3100 रूपय नगद तथा ट्रॉफी प्रदान की गई ।आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों को शुभकानाएं देते हुए कहा कि बंगाली समाज लोक ,कला,संस्कृति साहित्य सामाजिकता की अनूठी मिशाल है इस प्रकार के कार्यक्रम से उत्साह बढ़ेगा ।इस दौरान समिति संरक्षक विजय मंडल,प्रधान बिरेंची बाईं,जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र सिंह,मेला कमेटी अध्यक्ष राकेश चक्रवर्ती,राम कृष्ण बैरागी, नदगोपाल, देवब्रत हालदार,सूरज मंडल, शेखर मंडल,अर्जुन मंडल,दीपक मंडल, विजय,गोविंद तालुकदार आदि लोग मौजूद थे।संचालन शेखर मंडल और देवब्रत हालदार ने किया।जजमेंट पंकज राय और राम चंद्र राय रहे।

# कपड़ा व्यापारियों ने वितरित किया प्रसाद

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रथम बैशाख ( बांग्ला) में बंग भाषी बंगालिओ का साल का पहला दिन होता है।जिसको बांग्ला भाषी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते है। मिठाई व प्रशाद बांट कर एक दूसरे को बधाई देते है। आपसी सौहार्द में सयुक्त रूप से इस दिन को त्योहार की तरह मनाते है। शनिवार दोपहर



को कपड़ा व्यापारियों ने बधाई देते हुये नगर के सुभाष मार्ग के मोड़ पर मिठाई व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। शनिवार हाट बाजार का दिन होने से राहगिरो व दूर दराज से खरीददारी करने आये हुए लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ओम प्रकाश कालरा,बलराम पोद्दार,अजीत शाह, विजय बागला,मृणाल मल्लिक ,विकास मण्डल आदि व्यापारी मौजूद थे।

# विद्युत कटौती के खिलाफ मध्य रात्रि सड़कों पर उतरे राजपुरावासी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उमस भरी गर्मी के बीच रात में हो रही घंटों विद्युत कटौती से राजपुरा की जनता सब्र का बांध टूट गया। मध्य रात स्थानीय महिलाओं पुरुषों ने यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में सड़क में उतारकर मोबाइल की लाईट जलाकर अनोखे अन्दाज में विद्युत विभाग व राज्य सरकार के



खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान रोषित लोगों ने विद्युत विभाग होश में आओ, विद्युत कटौती बन्द करो के नारे लगाये। हेमन्त साहू ने कहा विद्युत विभाग लगातार लापरवाह होता जा रहा है। उमस भरी गर्मी में 2 से तीन घण्टे की कटौती से जनता परेशान है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी फोन बन्द कर गहरी नींद में सोए है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये।उन्होंने चेतावनी दी रात्रि में विद्युत कटौती होने पर विभाग में ताला बंदी की जायेगी। इस मौके पर मीना आर्या, प्रिया आर्या, राजू बोरा, रवि कुमार, प्रीती आर्या, दीपक कुमार, उमा देबी, बबिता कश्यप, राहुल तुरहा समेत दर्जनों मोहल्ले वासी मौजूद थे।

# अनेक मामलों में अपराधी वेदप्रकाश को किया जिला बदर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शराब तस्करी व जुआ, सट्टा में आदतन अपराधी वेद प्रकाश शर्मा को पुलिस ने जनपद की सीमा से बाहर कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजपुरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत वेद प्रकाश शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा निवासी शिव मंदिर राजपुरा विगत कुछ सालों से शराब की अवैध तस्करी एवं अवैध जुआ, सट्टा लगाने के जुर्म में कई बार जेल जा चुका है। इसके पश्चात भी वह अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति सुधरने का नाम नहीं ले रहा था। राजपुरा क्षेत्र मे इसके डर से आसपास के लोग इसकी शिकायत करने से भी कतरा रहे थे। आम जनमानस की सुरक्षा एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवम




चौकी प्रभारी राजपुरा की रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट को आपराधिक प्रवृत्ति के वेद प्रकाश के विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई। न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध धारा 3 गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्रवाई हेतु आदेश निर्गत किए गए। जिसके पुलिस द्वारा वेद प्रकाश शर्मा को जनपद नैनीताल की सीमा से आगामी 6 माह के लिए जिला बदर किया गया।

# ट्रांसफार्मर के लिए विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया व्यापार मंडल द्वारा विद्युत कार्यालय गदरपुर अधियाशी अभियंता से मिल कर एक ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें कहा गया , सकैनियां में जल संस्थान की टंकी तैयार हो गई है लेकिन विद्युत विभाग की तरफ



से ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा जिससे पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है , वही जल संस्थान का कहना है कि जितना जल्दी ट्रांसफर लगवा देंगे हम इतना जल्दी पानी की सप्लाई शुरू कर देंगे इस विषय को लेकर विद्युत विभाग से संपर्क किया गया ताकि पानी की सप्लाई जल्दी शुरू हो सके। व्यापार मंडल प्रतिनिधि में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. देशराज कंबोज, महामंत्री पृथ्वी बजाज, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ,प्रधान संजय चौधरी व वेद प्रकाश मौजूद थे।

# ठेली व्यापारी उत्थान समिति के जिलाध्यक्ष बाबू राम के निधन पर शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ठेली व्यापारी उत्थान समिति रजि. के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी बाबू राम कश्यप का विगत दिवस लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर ठेली फड़ व्यापारियों के साथ ही तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। आदर्श कालोनी घास मण्डी निवासी बाबू राम कश्यप कई वर्षों से ठेला व्यापारी उत्थान समिति के जिलाध्यक्ष थे। उनके प्रयासों से ही शहर में ठेली फड़ यूनियन का गठन हुआ था। वह सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहते थे। बाबू राम कश्यप ने ठेला फड़ व्यापारियों को एकजुट करने के साथ ही उनके हकों के लिए संघर्ष भी किया था। ठेली फड़ व्यवसायियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने में वह हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन पर एडवोकेट गोपाल शर्मा, राजेन्द्र रस्तौगी,सोनू रस्तौगी, राम गोपाल रस्तौगी, नरेश कश्यप, ओमकार कश्यप, महेन्द्र कश्यप, महेन्द्र कुमार, राम किशोर कश्यप, सुरेन्द्र कुमार, रविन्द्र सिंह बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, राम चन्द्र राठौर, दीपांकर शाह, महेन्द्र शर्मा, प्रेम सिंह बिष्ट, राजू बिष्ट, प्रमोद रस्तौगी, कैलाश बिष्ट, करन सिंह, रमेश सिं,ह नन्हे सागर, राम सिंह बिष्ट, राम सहाय गुप्ता, देवेन्द्र सिंह, राजेश गोस्वामी, गणेश कोहली, कन्हैया लाल, परमानंद, संजय मण्डल, गजेन्द्र सिंह, अवदेश कुमार, महेन्द्र कुमार, राकेश राठौर, सब्बन मियां, बलवंत सिंह, कमल विश्वास, अर्जुन विश्वास, विक्की राठौर, गोंविंदा राठौर, विक्की मल्होत्रा, धर्मेन्द्र कोहली, सुभाष रस्तौगी सहित तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



# पं. गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति को चार्ज देने का आदेश

काशीपुर। उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल की खण्डपीठ के द्वारा दिनांक 11.4.2023 को आदेश जारी किया कि संस्था के चुनाव हो चुके हैं और नई कमेटी वर्ष 2025 तक प्रभावी है जिस कारण प्रशासक को सदा सदा के लिए बने रहने का अधिकार नहीं है । प्रशासक बनाये जाने के खिलाफ पं. गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति द्वारा हाईकोर्ट नैनीताल में रिट याचिका दायर की गई थी और मांग की गई थी कि प्रशासक को हटाया जाये । हाईकोर्ट नैनीताल ने अपने आदेश में लिखा है कि चूंकि कमेटी अस्तित्व में है और उसका कार्यकाल वर्ष 2025 तक है ऐसे में प्रशासक कार्य नहीं कर सकता और पूर्व में ही कमेटी द्वारा प्रशासक को हटाये जाने का आवेदन दे रखा है । परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई ।हाईकोर्ट नैनीताल ने दो जजों की खण्डपीठ मुख्य न्यायाधीश विपिन सांधी और न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा शिक्षा विभाग को आदेश दिया है कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति के पूर्व आवेदन पर तीन सप्ताह में निर्णय लें तथा बिना किसी देरी के और बिना किसी आदेश का इंतजार करे पं. गोविन्द बल्लभ पंत शिक्षा समिति को सम्पूर्ण चार्ज प्रदान कर दें और प्रशासक को हटा दें ।

# मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार अजय चौहान, सिंह कॉलोनी, गली नंबर 5, खालसा बेकरी के सामने वाली गली, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों नेदरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबाके जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,बिट्टू अरोरा नेइतनी कृपा बालाजी बनायें रखना, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने ने चरणो का दास बनालो मेरेबजरंगी बाबा, पंकज सिंघल ने मैं के बोलू बालाजी, राजेश अग्रवाल ने अंजनी के लाल हनुमान आज मेरा संकट हरो, राजपाल यादव नेदे दे थोड़ा प्यार बाबा, राजू सैनी ने ये तेरा दरबार करता सबका बेड़ा पार, दीपु सैनी ने लगन बाबा से लगा बैठे आदि भजन सुनाकरसबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, खेमपाल शर्मा, कुणाल रस्तोगी, राजेंद्रशर्मा, दिनेश कुमार, देवल आर्यन, आकाश शर्मा, नितिन रस्तोगी, रवींद्र चौहान, सत्यम जायसवाल, उपेन्द्र चौधरी, सतीश सागर, राजेशभट्ट , कमल श्रीवास्तव, सुरेश मित्तल, डी के करगेती, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाज सेवी संजय ठुकराल, माधव खुराना, पुलकित शर्मा, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू





विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलितकर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन सेजो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जैसा चाहो मुझको समझना, पवनखेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, आयुष अरोरा ने मेरी कुटिया के भाग आज खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, जय प्रकाश गर्ग ने बजरंगबाला हमे बचाना, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे, विपुल कुमार ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना, मदन लाल खन्ना ने छोड़साड़ी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, तुषार गर्ग ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में, हरि चरण सिंह श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरवबाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैतकुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोरा, हर्षित ग्रोवर, अजय चौहान, सुमित बब्बर, किशन खेड़ा, अमित शर्मा, अनिल चौहान, पार्षद सुशील चौहान, पवन अरोरा, अंटु रस्तोगी, राजकुमार वर्मा, बबलू रस्तोगी, अरोरा, मोहित नारंग, तुषार गर्ग, महेंद्र श्यामपुरियाँ, विपुल कुमार, राजपाल सिंह, दीपू सैनी, राजू सैनी, अंश अरोरा, भारत कुमार, विजय गंगवार, प्रदीप कालरा, गगनग्रोवर, हरीश अरोड़ा, अनिल पुंशी, संजीव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सन्नी अरोरा, धीरज सुखीजा, राहुल अरोरा, मोहित शर्मा, बँटी कालरा, ओम प्रकाश, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।




# चौपाल में विधायक सुमित हृद्येश को बताई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जय भारत सत्याग्रह चौपाल कार्यक्रम के तहत महानगर के वार्ड 34 अंतर्गत ब्युरा-टंगर क्षेत्र और वार्ड 6 अंतर्गत गुरुनानकपुरा क्षेत्र में चौपाल का आयोजन किया गया। वार्ड 34 में महिला कांग्रेस महानगर कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती कमला सनवाल के आवास पर तथा वार्ड 6 में कांग्रेस महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह छतवाल के आवास पर सिख समाज संग चौपाल कार्यक्रम हुआ। विधायक सुमित हृदयेश ने स्थानीय लोगो से मुलाकात कर छोटे-छोटे स्तर की समस्याओं को जाना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के तवरित निदान को कहा। महंगाई से बेहाल आम लोगो ने विधायक सुमित हृदयेश को अपनी परेशानियों से अवगत कराकर हमेशा सुख दुःख में साथ निभाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



सुमित हृदयेश ने स्व. डा. इंदिरा हृदयेश को याद करते हुए स्थानीय क्षेत्रवासियों से एकजुटता और आपसी सदभाव के साथ पार्टी को मजबूत बनाने तथा सभी को जागरूकता के साथ अपने हकों की लड़ाई मजबूती से लड़ने के लिये प्रेरित किया। सुमित हृदयेश ने कहा कि हमें मिल कर महंगाई से लड़ना है, बेरोजगारी से लड़ना है और देश को जाती धर्म के नाम पर बाँटने वालो से बचना है। चौपाल कार्यक्रम में हेमन्त बगडवाल, हरीश बलुटिया, खीमानंद पाण्डे, बहादुर बिष्ट, दीप चंद्र पाठक, गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के प्रधान अमरजीत सिंह बिंद्रा, परमजीत सिंह चंडोक, हरपाल सिंह, परमजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, बबनीत सिंह, बाबू गुजराल, दिवेश तिवाड़ी आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी से मारपीट

## ट्रांजिट कैम्प थाने में समर्थकों ने काटा हंगामा,जांच में जुटी पुलिस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी से सिडकुल रोड पर अरविन्द नगर के पास गत सायं मारपीट का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवकों ने कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी से मारपीट कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है और उनका होंठ भी कट गया है। कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि जब किसी काम से सिडकुल रोड से निकल रहे थे, तभी रास्ते में एक जगह जाम लग गया। जब जाम खुलवाने के लिए आगे बढ़े तो दो युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। दिलीप अधिकारी का आरोप है कि इनमें एक ने जेब से लिए जा हथियार निकाल उसके मुंह पर मारा जबकि दूसरा घूंसे मारता रहा। जिससे उनका होंठ भी कट गया है। मौके पर खड़े लोगों ने उसे बचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी संजय ठुकराल व अन्य तमाम लोग थाना ट्रांजिट कैम्प पहुंच गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी युवकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। वही इस मामले में आवास विकास निवासी एक महिला ने दिलीप के विरुद्ध आरोप लगाया है कि वह अपने स्टॉफ के साथ जगतपुरा में मेडिकल कैंप लगाकर वापस जा रही थी। मार्ग में दिलीप ने उनसे अभद्रता की। जिस पर उसके साथ के साथी युवकों की दिलीप से मारपीट हुई। थाना पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



# बैजनाथ में किताब कौथिक महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

## कुमाऊॅनी लेखक मोहन जोशी द्वारा ऋंगवेद व गरूड़ पुराण का भावानुवाद पुस्तकों का विमोचन,विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

गरुड़(उद संवाददाता)। बैजनाथ में दो दिवसीय किताब कौथिक महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया,व जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने संयुक्त रूप से रीबन काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि किताबें स्वस्थ्य व शिक्षित समाज के निर्माण में अतिथि कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने बच्चों व युवाओं से किताबों से दोस्ती करने की अपील की। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील है तथा सभी स्कूल, हटकर विभिन्न लेखकों, प्रशासकों की असंख्य पुस्तकों की विविधता मिलती है, जिससे बच्चे रुचि लेकर पढ़ सकते हैं।पुस्तकों के माध्यम से किसी भी विषय को जानने और अपने मूल प्रश्नों के उत्तर आधार प्राप्त होता है, किताबों से छात्रों का बौद्धिक स्तर प्रखर होता है, और सीखने सिखाने की से बुद्धिलब्धता का विकास होता है, कुमाऊॅनी लेखक मोहन जोशी द्वारा ऋंगवेद व गरूड़ पुराण का भावानुवाद संचालन नैनीताल से आए हेमंत बिष्ट और आलोक पांडे ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फस्वार्ण, जिपं सदस्य जनार्दन लोहनी, सुनीता आर्या, गोपाल धपोला, कौथिक कमेटी सदस्य हेम पंत, दयाल पांडे, हेम खोलिया, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलडा, प्रकाश पर्वतीय, ललित तिवारी, कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे। किताब कौथिक में स्टार गेजिंग, साइंस, क्वीज, आर्ट, ऐपण आदि जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। बच्चे व युवाओं ने स्टार गेजिंग (नक्सत्रों) का भी आनंद उठाया। महोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम







सहायक होती हैं। यह महोत्सव शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें विभिन्न भाषाओं के 50 से अधिक लेखकों की किताबों का प्रदर्शन एवं विक्री हेतु रखी गई है।बैजनाथ झील किनारे आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट विद्यालयों व कालेजों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रयासरत है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि पुस्तक मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में किताबों के प्रति रुचि पैदा करना है। ऐसे पुस्तक मेलों में बच्चों को स्कूली विषयों से प्राप्त करने को मिलता है, जहां किताबों के माध्यम से ही आदि से अनादि काल की विभिन्न सँस्कृतियो, पौराणिक कथाओं, मान्यताओं, सहित वैज्ञानिक विश्लेषण की विभिन्न विधाओं का समावेश होता है, वही छात्रों को सीख का पुस्तकों का विमोचन किया गया। किताब कौथिक में इतिहासकार डॉ. शेखर पाठक, कुमाऊॅनी गायक कलाकार प्रह्लाद मेहरा, हिमांशु कफलटिया, चारु तिवारी, नमन तिवारी, ललित तिवारी, प्रसिद्ध फोटोग्राफर थ्रीष कपूर आदि ने अपने विचार रखे। किरमोलिया, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उप जिलाधिकारी हरगिरी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या, प्राचार्य डायट डॉ. एसएस आयोजित हुए। साहित्यकारों एवं लेखकों द्वारा भी व्याख्यान एवं परिचर्चाएं आयोजित हुई। डायट द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# बाजपुर में डीएम ने की गेहूं की क्रॉप कटिंग

बाजपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की निगरानी में बाजपुर के ग्राम चकरपुर के कृषक अशोक कुमार पुत्र चन्दन सिंह के खेत में खेत में 43.3 वर्ग मीटर का प्लॉट बनाकर क्रॉप कटिंग के लिए चिन्हित किया गया था। क्रॉप कटिंग के दौरान निर्धारित खेत से कुल 16.800 किग्रा गेहूँ प्राप्त हुआ। इस बढाने के साथ- साथ नई तकनीकों एवं मिश्रित खेती जैसे पहलुओं को बढाने का प्रयास करें जिसका समय-समय पर विभागों द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया योजना एवं कृषि उत्पादित संबंधित विभिन्न योजनाओं हेतु डाटा बेस भी तैयार किया जाता हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी राकेश तिवारी,





क्रॉप कटिंग का कार्य किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी बाजपुर ने अपने हाथों से गेहूं की क्रॉप कटिंग भी की। कृषि एवं सांख्यकीय विभाग के नियमानुसार अशोक कुमार के प्रकार औसतन उपज 38.64 कुन्तल प्रति हैक्टेयर (15.456 कुन्तल प्रति एकड़) है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग कृषकों के साथ मिलकर उत्पादन को जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकडे तैयार किये जाते है साथ ही इसके माध्यम से फसल बीमा तहसीलदार अक्षय भट्ट अपर सांख्यिकी अधिकारी पूरन चन्द्र ब्रसीलिया, उत्तम सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनीति पाल, राजस्व उपनिरीक्षक अशीष चौहन, विपिन चौहान आदि उपस्थित थे।

# चैती मेले में मां भगवती का जागरण आयोजित

काशीपुर(उद संवाददाता)। रात्रि चौती मेले में मां भगवती का विशाल जागरण श्री बाला जी पावन धाम मन्दिर लोहिरियन द्वारा कराया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने देर रात्रि तक बाहर से आए भजन गायक ललित सांवरिया वंशिका गुप्ता के भजनों का आनंद लिया व बाहर के कलाकारों द्वारा राधाकृष्णन का नृत्य शंकर पार्वती की झांकी का बड़ा ही मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। जागरण का शुभारंभ महामाई की ज्योत प्रज्वलित कर चैती मंदिर के प्रधान पंडा विकास अग्निहोत्री व वैश्य महासंघ के प्रदेश मंत्री अकाश गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक जितेंद्र, अंकित अग्रवाल, नैना अग्रवाल, विशेष कुमार, मुक्ता रानी, विपिन कुमार, ललिता रानी ललिता रानी सौरभ शर्मा हेमराज गांधी आयुष शर्मा, योगेश जोशी, अनुज शर्मा, रिशु सिंह, रचित श्रीवास्तव, नरेश कुमार, सौरभ कुमार, गौरव माथुर आदि बंधु उपस्थित रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति ने राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना

देहरादून (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड भ्रमण पर आए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने राजभवन में स्थित मृत्युंजय पंचकर्म केन्द्र का भी भ्रमण कर पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से सम्बधित जानकारी ली। उन्होंने इस केन्द्र को बनाये जाने के लिए राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सुजोक थेरेपी के सम्बन्ध में भी स्माइल सुजोक के डॉ मिनचुल पार्क और डॉ सुभाष चौधरी से जानकारी ली और कहा कि इस थेरेपी को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किये जाने की जरूरत है। इस अवसर पर श्रीमती सविता कोविंद और श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।



# राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राजकीय उद्यान फार्म, रूद्रपुर में राज्य कर्मचारी संयुक्त कर्मचारी परिषद शाखा जनपद ऊधम सिंह नगर का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमे आगामी 2 वर्ष हेतु नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ऊधम सिंह नगर के प्रदीप जोशी द्वारा की गयी। जनपद में कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं के सम्बन्ध में जिला अध्यक्ष, उद्यान संघ रविन्द्रजीत सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, उमा शंकर कश्यप विरेन्द्र पाण्डे गुलाब सिरोही, हरजीत सिंह, कुंवर सिंह सावंत, मण्डलीय अध्यक्ष, कुमांऊ मण्डल, श्रीमती हेमा बिष्ट, उपाध्यक्ष (महिला), राकसंप. ऊधम सिंह नगर द्वारा अपने विचार रखे। द्वितीय सत्र में द्विवार्षिक कार्यकारिणी के गठन के लिये सदन द्वारा गुलाब सिंह सिरोही एवं वीरेन्द्र पाण्डेय को निर्वाचन अधिकारी तथा के०एस० सावन्त मण्डलीय अध्यक्ष की देखरेख में चुनाव कार्यक्रम सम्पादित किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष



रविन्द्र कुमार, जिला मंत्री पद हेतु पवन कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु रविन्द्र जीत सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही समप्रेक्षक शैलेन्द्र श्रीवास्ताव, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती सारिका जोशी एवं श्रीमती हेमा विष्ट, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, बीरपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री उमा शंकर कश्यप को निर्विरोध निवार्चित घोषित किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी एवं सदन द्वारा एस०के० नैयर को मुख्य संरक्षक एवं प्रदीप जोशी को संरक्षक के रूप में निर्वाचित किया गया। अधिवेशन में पूर्व की भांति ए०सी०पी० 10, 16 एवं 26 वर्ष पर दिये जाने, शिथलीकरण का लाभ प्रदान किये जाने हेतु शीघ्र ही शासनादेश जारी करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर किये जाने तथा ओपीडी को केशलेश किया जाने की मांगों के प्रस्ताव पारित हुए। अधिवेशन में केएस सावन्त मण्डलीय अध्यक्ष, कुमाउ मण्डल, प्रदीप जोशी, एस०के०नेर रविन्द्र कुमार, रविन्द्रजीत सिंह, प्रमोद कुमार चौधरी, पवन कुमार शर्मा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,उमा शंकर कश्यप, श्रीमती हेमा विष्ट, जय गोपाल कुश्वाहा, मनोज कुमार, पवन चौहान, रूवि शुक्ला सारिका जोशी, बलवन्त राम, एस०एल० वर्मा, विनोद कुमार, दिनेश चन्द्र सिंह आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# रामस्वरूप भारती और डी के सिंह को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले रामस्वरूप



भारती और डी के सिंह को सम्मानित किया गया इस अवसर पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर और फूल मालाएं पहनाकर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामदयाल सिंह, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष पार्षद मोनू निषाद, निगम पार्षद प्रीति साना, बाबू खान, अशफाक अहमद, रणजीत सिंह राणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश जोशी, बीडीसी राखी जोशी, सुमित राय, सरोज रानी, पूनम गुप्ता, मध सिकदर, कांग्रेस के उपाध्यक्ष उमर खान, पूर्व पार्षद उमर अली सलमानी, जितेंद्र कुमार सागर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सेवादल प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, पूर्व पार्षद कालीचरण बाल्मीकि, कांग्रेस नेता रणजीत तिवारी, दिनेश मौर्या, एम पी मौर्या, फरमान सिद्दीकी, रविंद्र गुप्ता, सरदार इंद्रजीत सिंह, आनंद शर्मा, सुदर्शन शर्मा, अनिल शर्मा, अरविंद सक्सेना, सुभाष, दिवाकर सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों का हुआ चेकअप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उड़ान एक नई दिशा की ओर संस्था ने एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के सहयोग से एक निःशुल्क जाँच एवं जनरल फिजिशियन द्वारा आये हुए सभी लोगो की जाँच करवाई। इसके अतिरिक्त रैंडम ब्लड सुगर, रक्तचाप और बोन मिनरल डेंसिटी की मित्तल,उपाध्यक्ष प्रिया गर्ग ,आकांक्षा मित्तल, दीपाली शर्मा, कंचन अग्रवाल, कविता बंसल, नीतू गोयल, सरिता अग्रवाल, शोभी गर्ग, सिल्की मित्तल,



स्वास्थ्य जाँच शिविर का भव्य आयोजन किया। शिवर का उद्घाटन विधायक शिव अरोड़ा द्वारा किया गया। शिविर में उन्होंने हड्डी रोग विशेषज्ञ के साथ परामर्श, ब्रेस्ट कैंसर रोग विशेषज्ञ के द्वारा ब्रेस्ट कैंसर की भी जाँच फ्री में करवाई गई। शिविर में 150 से अधिक लोगों ने जांच कराई। इस अवसर पर उड़ान संस्था की चेयरपर्सन ज्योति गोयल, अध्यक्ष पायल अग्रवाल,सचिव आस्था अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रिचा सोनल बंसल, स्वाति गुप्ता, युक्ति गोयल , स्वाति गोयल ने मैक्स हॉस्पिटल की डॉक्टर हिना अफसर ,डॉक्टर दानिश ,डॉक्टर आयुष,विनीत शर्मा,रजत अग्रवाल, दीपक भटनागर, एंजल का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम: मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत शिव नगर ट्रांजिट कैंप में कई स्थानों पर चौपाल लगाकर भाजपा सरकार की जमकर निंदा की गई। इस दौरान



कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह राजनीति विद्वेष के तहत कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करना इसका जीता जागता उदाहरण है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार बढ़ रही महंगाई को रोकने में नाकामयाब रही है देश में अराजकता का माहौल है लोग भय और आतंक से ग्रसित हैं पर भाजपा सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि ऐसी भ्रष्ट और तानाशाह सरकार के खिलाफ एकजुट हो जाए और उसे उखाड़ फेंकने में आगे आए। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, अनिल शर्मा,रणजीत सिंह राणा, महिला कांग्रेस नेत्री, मधु विश्वास, सरला प्रियंका, मंजू, प्रेमा सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन निगम पार्षद मोहन भारद्वाज द्वारा किया गया।

# स्वरोजगार योजना से 607 लोगों को किया लाभान्वित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।महाप्रबंधकजिला उद्योग केंद्र विपिन कुमार ने बताया कि विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला उद्योग केन्द्र, ऊधम सिंह नगर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अन्तर्गत आवंटित भौतिक लक्ष्य क्रमशः 54 एवं 500 सापेक्ष प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत 84 एवं मुख्यमंत्री स्वरोगार योजना अन्तर्गत 523 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है कि जब तक चालू वित्तीय वर्ष हेतु लक्ष्य प्राप्त नहीं होते हैं, तब तक विगत वर्ष हेतु आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो) अन्तर्गत प्राप्त आवेदन बैंकों को प्रेषित किये जाये। उक्त निर्देशों के अनुपालन में आतिथि तक मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनान्तर्गत 40 आवेदन बैंकों को प्रेषित किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार स्थापना के इच्छुक व्यक्ति प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 बजे से सांय 05 बजे तक कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## उच्चायोग की सुरक्षा

पिछले महीने खालिस्तान समर्थक कुछ उपद्रवियों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग परिसर में से तिरंगा उतार कर उस पर अपना निशान फहरा दिया था। विचित्र है कि तब ब्रिटिश सुरक्षा कर्मियों ने उन पर शिकंजा कसने में लापरवाही बरती। उस घटना से नाराज भारत ने दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर अपनी सुरक्षा हटा ली। अब प्रधानमंत्री ने भी ब्रिटेन से दो टूक कह दिया है कि वह भारत विरोधी तत्त्वों के मामले में किसी भी तरह की उदारता न बरते। राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बातचीत करते हुए पिछले दिनों भारतीय उच्चायोग में उपद्रवी तत्त्वों द्वारा तिरंगा उतारे जाने और ब्रिटिश सुरक्षाकर्मियों की ढिलाई की याद दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाने की अपील की। इससे ब्रिटेन को एक तरह से यह स्पष्ट संदेश मिला है कि भारत किसी भी रूप में अपने खिलाफ हमला करने वालों को बर्दाश्त करने वाला नहीं है। इसी प्रकार पिछले दिनों जब आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर आए थे, तब भी हमारे प्रधानमंत्री ने उनसे आस्ट्रेलिया के हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ को लेकर सख्त कार्रवाई करने की अपील की थी। उससे भी दुनिया के देशों को यह संदेश गया था कि भारत अपने खिलाफ किसी भी प्रकार का हमला सहन नहीं करेगा। इससे स्वाभाविक ही विपक्ष के उन नेताओं को भी यह संदेश गया है कि सरकार राजनय के मामले किसी भी रूप में ढिलाई नहीं बरतती, जो यह आरोप लगाते रहते हैं कि केंद्र विदेशी मामलों में उचित निर्णय नहीं ले पाती। पिछले महीने खालिस्तान समर्थक कुछ उपद्रवियों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग परिसर में से तिरंगा उतार कर उस पर अपना निशान फहरा दिया था। तब ब्रिटेन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए उच्चायोग और उसके कर्मचारियों-अधिकारियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा, एक कार्यक्रम में जब भारतीय उच्चायुक्त हिस्सा लेने जा रहे थे, तब उनका इस कदर विरोध किया था कि उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उस घटना के बाद भारतीय उच्चायोग परिसर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी। ये सारी बातें अभी तक विदेश मंत्रालय के स्तर पर होती रही थीं, मगर अब प्रधानमंत्री ने सीधे ब्रिटिश प्रधानमंत्री को इस संबंध में आगाह किया है, तो उम्मीद है, इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा। दो देशों के बीच संबंध केवल आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक नहीं होता। दोनों के बीच परस्पर सुरक्षा की भावना भी प्रबल होनी चाहिए। ब्रिटेन और भारत के बीच बहुत पुराने संबंध हैं। वहां बड़ी तादाद में भारतीय नागरिक भी रहते हैं, जो ब्रिटेन की सभ्यता और संस्कृति के वाहक हैं, वहां की राजनीति और आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान देते हैं। ऐसे देश में भी अगर भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जाती है या भारत के साथ धोखाधड़ी करके अपराध ी वहां पनाह पाते हैं, उनके प्रत्यर्पण में पेच फंसा रहता है, तो दोनों देशों के रिश्तों में कमजोरी आना स्वाभाविक है। ब्रिटेन इस बात से अनजान नहीं है कि खालिस्तान की मांग करने वाले दरअसल भारत विरोधी तत्त्व हैं और वे भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए युवाओं को बरगलाते हैं। खालिस्तान की मांग करने वालों के नेता ब्रिटेन में ही रहते हैं। अगर उन पर नकेल कसी जाए, तो भारत में अलगाववाद की चिंगारी को हवा मिलनी बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री की ऋषि सुनक से बातचीत के बाद स्वाभाविक ही इस बात की उम्मीद बनी है कि वहां भारत विरोधी ताकतों पर शिकंजा कसने की कोशिश होगी।

# पाखरो रेंज घोटाले में पूर्व डीएफओ किशनचंद और रेंजर के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट भेजी

देहरादून। पाखरो रेंज घोटाले के आरोपी पूर्व डीएफओ किशनचंद और पूर्व रेंजर बृजबिहारी शर्मा के खिलाफ विजिलेंस ने चार्जशीट कोर्ट भेज दी है। कोर्ट जल्द ही इसका संज्ञान ले सकता है। दोनों पूर्व अधिकारियों पर पद के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में चार्जशीट हुई है। पूर्व डीएफओ पिछले साल दिसंबर से जेल में है जबकि बृजबिहारी शर्मा को जमानत मिल चुकी है। बता दें कि विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज के 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण होना था। वर्ष 2019 में इसका निर्माण कार्य बिना वित्तीय स्वीकृति के शुरू कर दिया गया। पेड़ काटने और अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान अनियमितताएं सामने आईं। पता चला कि इन सब कार्यों में अधिकारियों ने ठेकेदारों की मिलीभगत से 215 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए। इस मामले में पिछले साल विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद विजिलेंस ने पिछले साल ही पहले बृजबिहारी शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 24 दिसंबर को पूर्व डीएफओ किशनचंद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। किशनचंद अभी सुद्धोवाला जेल में बंद है। इस मामले में विजिलेंस ने हर पहलू को ध्यान में रखते हुए विवेचना की और दोनों पूर्व अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली। इसमें दोनों पर बिना अनुमति के काम चालू कराने, निर्धारित अनुमति से ज्यादा रिजर्व फॉरेस्ट से हरे पेड़ कटवाने, सरकारी धन का दुरुपयोग करने और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के आरोप हैं। एसपी विजिलेंस धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि इन सभी आरोपों को शामिल करते हुए चार्जशीट भेज दी गई है। जल्द ही मुकदमे का ट्रायल शुरू हो जाएगा। अन्य आरोपियों की जांच फिलहाल चल रही है। इनके खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट बाद में भेजी जाएगी। पाखरो रेंज में 215 करोड़ के कार्यों की समीक्षा के दौरान पता चला था कि टाइगर सफारी के नाम पर खर्च हुआ पैसा दूसरे काम के लिए था। इसे कमीशन और अन्य लालच में ठेकेदारों को आवंटित कर दिया । गड़बड़ी करने वाले अधिकारी इस बात को लेकर भी आश्वस्त थे कि उन्हें जो पैसा बाद में मिलेगा, उसे उसी मद में जमा कर दिया जाएगा। जिस जगहों पर सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्य हुए वह कोर सेंसिटिव जोन में आता है। यहां किसी भी तरह के निर्माण कार्य नहीं हो सकते हैं। कालागढ़ रेंज के पूर्व डीएफओ किशनचंद ने निदेशक के आदेश को भी दरकिनार कर दिया था। बिना वित्तीय स्वीकृति के निर्माण कार्य की जानकारी मिलते ही कार्बेट पार्क के निदेशक ने रोक लगाने के निर्देश दिए थे। विजिलेंस की जांच में सामने आया है कि पेड़ों का कटान भी बड़े पैमाने पर हुआ है। शासन ने निर्माण कार्य में आड़े आ रहे 163 पेड़ काटने की अनुमति दी थी। लेकिन, वनाधिकारियों ने अपनी जेब भरने के लिए 163 के बजाय 6200 पेड़ों पर आरी चला दी।

# 22 मई को मद्महेश्वर और 26 अप्रैल को खोले जाएंगे तुंगनाथ के कपाट

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट 22 मई को कर्क लग्न में पूर्वान्ह 11 बजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। जबकि तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट 26 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर मिथुन लग्न में खोले जाएंगे। द्वितीय व तृतीय केदार के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के साथ ही हकूकधारी व स्थानीय कारोबारी भी तैयारियों में जुट गए हैं। शुक्रवार को बैशाखी के पावन पर्व पर पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर का श्रृंगार कर भोग लगाते हुए आरती उतारी गई। सुबह 9 बजे रावल गद्दीस्थल में मंदिर के वेदपाठी यशोधर बेंजवाल व अन्य आचार्यगणों द्वारा पंचांग गणना के आधार पर घद्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट खुलने की तिथि पंचांग गणना के आधार पर तय की गई। पंचांग के आधार पर कपाट खुलने की तिथि 22 मई पूर्वान्ह 11 बजे कर्क लग्न में तय की गई। इस मौके पर बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, एसीईओ आरसी तिवारी, सहित अन्य लोग मौजूद थे। मंदिर समिति के सीईओ रमेश चंद्र



तिवारी ने बताया कि 18 मई को भगवान द्वितीय केदार मद्महेश्वर की भोग मूर्तियों को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के गर्भगृह से सभामंडप में लाया जाएगा। यहां पर मूर्तियों को विशेष पूजा-अर्चना कर चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान किया जाएगा। 19 मई को भी आराध्य ओंकारेश्वर मंदिर के सभामंडप में विश्राम करेंगे। 20 मई को डोली शीतकालीन गद्ध्दीस्थल से अपने धाम के लिए प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए पहले पड़ाव पर राकेश्वरी मंदिर रांसी पहुंचेगी। जबकि 21 को डोली गौंडार गांव में प्रवास करेगी। जबकि 22 की सुबह डोली गौंडार गांव से प्रस्थान कर बणतोली, कटरा, कुन्नू होते हुए अपने मूल धाम मद्महेश्वरी पहुंचेगी। जहां पर पूर्वान्ह 11 बजे कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद छह माह तक आराध्य की पूजा-अर्चना इसी मंदिर में होगी। दूसरी तरफ तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में तृतीय केदार के कपाट खुलने की तिथि पंचांग गणना के आधार पर 26 मई तय की गई। बैशाखी पर्व पर मंदिर के मठापति रामप्रसाद मैठाणी के हाथों विशेष पूजा-अर्चना के बाद पंडित विजय भारत मैठाणी द्वारा तृतीय केदार के कपाट खुलने की तिथि व मुर्हुत तय कर घोषित किया गया। मंदिर के मठाधिपति राम प्रसाद मैठाणी ने बताया कि तृतीय केदार की चल उत्सव विग्रह डोली शीतकालीन गद्दीस्थल से 24 अप्रैल को प्रस्थान कर भूतनाथ मंदिर पहुंचेगी। 25 को रात्रि प्रवास चोपता में होगा। जबकि 26 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर कपाट खोल दिए जाएंगे।

# अपराध के चरम का अंत

जब किसी कुख्यात अपराधी और उसके कुनबे के अपराधों पर कानून के राज की व्यवस्था शून्य हो जाए, तब कुदरत उसके अंत की रचना रचती है। अतीक अहमद के अंत की कहानी यही कह रही है। ऐसे अपराधियों को जब संवैध ानिक-राजनीतिक सुरक्षा कवच मिल जाए तो अपराध की भूमिका उनके राजनीतिक और आर्थिक साम्राराज्य के विस्तार का कारण बनते जाते हैं। यह सिलसिला तब और निष्ठुर एवं हिंसक हो जाता है, जब पुलिस तो पुलिस अदालत के न्यायाधीश भी ऐसे दुर्दांत अपराधी के मामले की सुनवाई से इंकार कर दें और राजनेता व राजनीतिक दल संरक्षण देने लग जाएं ? इसीलिए अतीक बेखौफ होकर प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल समेत दो पुलिसकर्मियों की सरेआम हत्या करा देता है। ये हत्यारे कानून व्यवस्था से इतने निश्चित रहते हैं कि चेहरे को ढकने की बजाय खुला रखते हैं, जिससे उनका खौफ कायम हो जाए कि ये हत्यारे कौन हैं ? झांसी में मुठभेड़ में ये हत्यारे पुलिस द्वारा मारे जाते हैं, इनमें से एक अतीक का लड़का असद और दूसरा गुलाम मोहम्मद था। चूंकि उमेषपाल की हत्या के समय इन्होंने चेहरे पर आवरण नहीं डाला था, इसलिए इनकी पहचान में कोई संदेह नहीं था। उमेषपाल विधायक राजूपाल की हत्या के प्रकरण में अतीक के विरुद्ध एक वकील के रूप में निडर होकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। अदालत में यह पैरवी अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद अतीक और बरेली की जेल में बंद उसके भाई अशरफ को नागवार गुजर रही थी। नतीजतन इन दोनों ने जेल में बैठे-बैठे ही उमेषपाल की हत्या का वारंट निकाल दिया। जब न्याय व्यवस्था के संवैधानिक अंग पुलिस, न्यायालय और वकील कानून के राज को अंजाम तक पहुंचाने में असफल दिखे तो तीन युवकों ने एकाएक पत्रकार के भेष में अवतरित होकर अतीक और अशरफ का काम तमाम कर दिया। ऐसा ही कुछ होने की आषंकाएं पहले से ही जताई जा रही थीं।मौत को प्राप्त हो चुके अतीक के अतीत का पड़ताल करने से पता चलता है कि करीब पचास साल पहले इलाहबाद के फिरोज तांगे वाले के इस बेटे ने 17 साल की उम्र में ही जयराम की हत्या कर खून की इबारत लिखना षुरू कर दी थी। चूंकि वह नाबालिग था, इसलिए बच गया। बस फिर क्या था, इस हत्या से जो दहषत कायम हुई वह रंगदारी, अवैध वसूली और जमीन व मकान हड़पने के धंधे में बदलती चली गई। जब पुलिस, कानून और अदालत उसे किसी बंधन में नहीं बांध पाए तो पांच वर्श के भीतर ही उसका आतंक समूचे इलाहबाद और आसपास के क्षेत्र में फैलने लग गया। हालांकि इस समय चांद बाबा और उसके गुर्गों का चलावा इस इलाके में था। लेकिन देखते-देखते अतीक ने चांद बाबा के वर्चस्व को नेस्तनाबूद कर दिया। अपराध की दुनिया से षक्ति और धन-संपदा कमा ली तो अतीक ने खादी पहनकर नेता का स्वांग धारण कर लिया। परंतु अपराध से नाता नहीं तोड़ा। बल्कि खादी और समाजसेवा की ओट में हत्या, अपहरण और फिरौती का ऐसा सिलसिला चला कि उस अकेले पर 101 से ज्यादा मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हो गए। अशरफ पर भी पचास से ज्यादा एफआईआर कई थानों में दर्ज हैं।अपरध की दुनिया में रसूख बन गया तब अतीक अहमद जेल से छूटने के बाद 1989 में इलाहबाद की पष्चिमी विधानसभा सीट से चांद बाबा के विरुद्ध निर्दलीय प्रत्याषी के रूप में चुनाव लड़ा और धन व बाहुबल के बूते जीत भी हासिल कर ली। इस जीत के कुछ महीनों बाद ही चांद बाबा की हत्या हो गई। इसके बाद अतीक के आतंक का ऐसा परचम फहरा की उसके विरुद्ध चुनाव लड़ने से सभी दलों के नेता कन्नी काटने लगे। 1991 और 1993 में भी वह निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीता।





समाजवादी पार्टी की वर्चस्व स्थापना के बाद अपराधियों का सपा में षामिल होने का सिलसिला षुरू हो गया। लिहाजा 1996 में अतीक चौथी मर्तबा सपा से विध ायक बना। लेकिन किसी भी दल का वह सगा नहीं रहा। अतएव दल-बदल का सिलसिला चलता रहा। 2002 में एक बार फिर वह अपना दल के टिकट पर इलाहाबाद, पश्चिम विधानसभा से चुनाव जीता और फिर 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद के पवित्र मंदिर में भी दाखिल हो गया। निर्वाचन संबंधी संवैधानिक षिथिलताओं एवं कानूनी विकल्पों के चलते राजनीतिक वर्चस्व बढ़ा तो पहुंच भी बढ़ गई। 25 जनवरी 2005 को प्रयागराज के बसपा विधायक राजू पाल पर अतीक ने दिन-दहाड़े सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर गोलियां बरसाईं। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां इसलिए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं कि कहीं राजू जिंदा न बच जाए। इस हत्याकांड की एफआईआर राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने अतीक और अषरफ समेत नौ लोगों की नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले की पैरवी का दुस्साहस अधिवक्ता उमेशपाल कर रहे थे। इस मामले में वह चश्मदीद गवाह भी थे। उमेष को धमकाने के साथ अपहरण करने की कोशिश भी की गई। लेकिन उमेष ने हिम्मत नहीं हारी और जिला अदालत से लेकर उच्च व उच्चतम न्यायालय तक मामले को ले गए। आखिरकार राजूपाल की हत्या के 12 साल बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेष दिए। सीबीआई ने गंभीर पड़ताल के बाद अतीक, अषरफ समेत 18 लोगों के खिलाफ चार्जषीट दाखिल की। उमेष की निरंतर सर्तकता और न्यायालय में पैरवी के चलते इलाहबाद हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर राजूपाल हत्याकांड की सुनवाई पूरी करने का आदेष निचली अदालत को दिया था। सुनवाई षुरू होने से पहले ही 24 फरवरी 2023 को पुलिस सुरक्षा में उमेष पाल की दिन-दहाड़े हत्या कर दी गई। सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों को भी प्राण गंवाने पड़े। इस माफिया सरगना के तार पाकिस्तान और कई आतंकी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस बाबत एटीएस और एएनआई भी अतीक से लंबी पूछताछ में लगी थी। साफ है, अतीक प्रयागराज, कोषांबी, लखनऊ, फतेहपुर, प्रतापगढ और नोएडा में तो आतंक का परचम फहराए हुए ही था, देष के लिए भी खतरा बन गया था। इसका पूरा कुटुंब जघन्यतम वारदातों में षामिल था। इसने 1168 करोड़ की अवैध संपत्ति बना ली थी, जिसे योगी सरकार ने इसकी मौत से पहले ही मुक्त करा लिया है। न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो अपराधी को समय पर ऐसी सजा मिले, जो फरियादी को न्याय लगे ? लेकिन दुर्भाग्य से अतीक और उसके गिरोह को न तो समय पर सजा मिल पाई और न ही ध न-संपत्ति कमाने की उसकी हवस पर अंकुश लग पाया। बल्कि इसके उलट वह पांच बार विधायक और एक बार सांसद बनकर अपराधी होने के बावजूद कानून के दायरे से बाहर रहा। जब ऐसे लोग निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं तो इनकी अनैतिक महत्वाकांक्षाएं और परवान चढ़ने लगती हैं। अपनी राजनीतिक इस छवि को ये दानदाता बनकर और अधिक भुनाने में लग जाते हैं। अतएव अपनी जाति और ध र्म के गरीब लोगों की धर्म के नाम पर मदद कर फरिष्ते की श्रेणी में आ जाते हैं। ऐसे ही उपकृत लोग इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए इनकी जीत में निरंतर भागीदार बने रहते हैं। यह स्थिति न्याय व्यवस्था पर भरोसा करने की बजाय, उसे खूंटी पर टांग देने का काम करती है। अतीक के साथ यही हुआ और वह क्षेत्रीय खतरे के साथ पाकिस्तानी आतंकवादियों से हाथ मिलाकर राष्ट्रीय खतरे की जद में भी आता जा रहा था। लेकिन जिन तीन युवकों ने अतीक का अंत किया है, वे भी इसकी मार से आहत थे, इसलिए उन्होंने मौका पाकर अतीक और अशरफ का खुलेआम वैसे ही अंत को अंजाम दिया, जैसा करने का यह गिरोह आदि हो गया था। प्रतिशोध के मनोविज्ञान की यही मानसिकता होती है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**




## पेज एक का शेष...

**यूपी में अलर्ट...**एक और मामला है। अतीक और अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना आए इसका ध्यान रखने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने जनता से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सफेदपोशों पर भी..**पचास से अधिक नामों का अतीक ने खुलासा किया था। अपराध की दुनिया में दखल रखने वाले माफिया के कई राजनीतिक दलों के नेताओं से भी रिश्ते रहे हैं। अतीक राजनीतिक दलों को साधने में भी बखूबी माहिर था। यही वजह थी कि दो दशकों तक उसकी अंगुलियों पर सरकारें नाचती रहीं और आला पुलिस का अधिकारी उसके सियासी रसूख के आगे घुटने टेकते रहे।

**पुरानी पेशन के लिये..**ने उत्तराखंड में भी पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर गांधी पार्क से विभिन्न मार्गों पर होते हुए कलेक्ट्रेट तक संवैधानिक मार्च निकाला। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। इस अवसर पर एनएम ओपीएस के संयोजक हुकुम सिंह नयाल, जिला मंत्री डॉक्टर दिनेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कालरा, हरीश दनाई, संदीप धीर, विकास अग्रवाल, डॉक्टर कमल भाटिया ज्ञानेश जोशी, सुमन चौहान, अजीत मिश्रा, नरेश चंद्रा, उमेश बुबारी, विकास मण्डल, संजय सिंह, रेनू मलेठा, आशा बिष्ट राणा, अभय चौहान, रेणु कंबोज, मीनाक्षी आर्य, अंजना भाटिया, कल्पना आर्या आदि शिक्षक, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**कांता रानी सुखीजा...**परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान समाजसेवियों ने कहा कि कांता रानी सुखीजा एवं धार्मिक और सरल स्वभाव की महिला थी और धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहती थी। उन्होंने अपने बच्चों को संस्कारों की शिक्षा दी थी जिसकी बदौलत ही सुखीजा परिवार ने उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र को आज इतने बड़े मुकाम पर पहुंचाया।

**घर और दुकान से ...**दूसरे कमरे में देखा तो वहां अलमारी खुली हुई थी। जहां से 1.35 लाख रूपये का सोने का हार, दो सोने की चैन, दो अंगूठी बढ़ी, तीन अंगूठी छोटी, तीन जोड़ी चांदी की पायल, जीन जोड़ी पायल बच्चों की, दो जोड़ी हाथ के कंगन, नदारद थे। उसने बताया कि घर में ही खोली गई दुकान से बीस हजार रूपये नगद, पांच फोन, एक कैमरा, पर्स अन्य जरूरी कागजाद नदारद थे। उसने बताया अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया और कमरों के बाहर चिटकनी लगाकर फरार हो गये। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। गौतम ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है।

**दिलीप पर हमले के...**में जगदीश तनेजा के साथ, अनिल शर्मा, परिमल राय, पार्षद मोनू निषाद, मोहन कुमार, सुशील मंडल, रंजीत राणा, पिंटू गांगुली, तरुण दत्ता, रोबिन विश्वास, दीप प्रकाश, जगदीश राज, सुभाष स्वर्णकार व अभिजीत हालदार आदि मौजूद थे।

## चौपाल एवं भ्रमण कार्यक्रम 18 को

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि जिलाधिकारी वन्दना द्वारा दिनॉक 18 अप्रैल को प्रात: 10:30 बजे से तहसील सोमेश्वर अन्तर्गत विभिन्न स्थानों का भ्रमण/चौपाल कार्यक्रम एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी दक्षिण कैलाश आश्रम एड्द्यौ मंदिर के आस-पास के क्षेत्रों/विकास कायो। का निरीक्षण करेंगी इसके साथ ही ग्राम नैनोली में विकास कार्यों का निरीक्षण/प्राथमिक पाठशाला नैनोली का निरीक्षण एवं स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों के वार्ता एवं बैठक करेंगी। उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे जिलाधिकारी के निरीक्षण/भ्रमण के दौरान जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

## दौलत राम छाबड़ा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के पूर्व अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा एडवोकेट ने समाजसेवी दौलत राम छाबड़ा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को रुद्रपुर नगर के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा स्वर्गीय दौलतराम समाज के हर सुख-दु:ख में शामिल रहते थे उनके निधन से जो रिक्ति समाज मे आयी है उसकी पूर्ति निकट भविष्य में सम्भव नहीं है , ओमैक्स सोसायटी की कार्यकारिणी ने भी स्वर्गीय दौलत राम छाबड़ा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है, सोसायटी अध्यक्ष आनंदसिंहनेगी सचिव अभिनव छाबड़ा उपाध्यक्ष राकेश चौहान कोषाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह ,कार्यकारिणी सदस्य योगेशलाम्बा, अजयअरोड़ा , गुरुप्रीतसिंह चिलाना, अश्विनी शर्मा, सुनील झावर , गिरीशजोशी तथा ललित गोयल ने भी दिवंगत आत्मा के प्रति शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस चित्र में दस्त पर थी इसी दौरान उसने मुरादाबाद रोड स्थित डिजाइन सेंटर के पास से संदिग्ध हालत में जानकारी करते हुए आईटीआई थाना क्षेत्र के सुदेश कश्यप पुत्र राजेंद्र कुमार को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया शख्स अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की जानकारी जुटाने के बाद उसका आयुध अधिनियम के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।

## पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन को कुमाऊँ विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार

देहरादून(उद संवाददाता)।प्रो. एन के जोशी कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर चयन होने के फलस्वरूप उनके द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2023 को दिया गया त्यागपत्र कुलाधिपति और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। राज्यपाल द्वारा पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त दायित्व प्रदान किया गया है। डॉ. चौहान की नियुक्ति कुमाऊं विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा 6 माह, जो भी पहले हो तक के लिए की गई है।

## बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाकर एक व्यक्ति को टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडेश्वरी निवासी अजय सिंह पुत्र मुन्नू सिंह ने बताया कि बीते 14 अप्रैल को 6:52 बजे जब वह पैदल कुंडेश्वरी रोड से बाली फार्म की ओर होता हुआ चला जा रहा था इसी दौरान पीछे से रामपाल पुत्र चतर सिंह नामक व्यक्ति ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाकर से टक्कर मारते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## एसडीएम ने भ्रमण कर सुनी समस्याएं

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान द्वारा ग्राम पंचायत हटोला, न्याय पंचायत लिंगुणता,ब्लॉक भैंसियाछाना, तहसील धौलछीना के अंतर्गत सरकार-जनता के द्वार के तहत ग्राम का भ्रमण किया गया तथा लोगों के साथ बैठक की गई। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विभागों की कुल 14 शिकायते प्राप्त हुई। मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल शिकायतों का निस्तारण /निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पर्यवेक्षक पीएल पुनिया और प्रभारी देवेंद्र यादव पहुंचे देहरादून, कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस में इन दिनों गुटबाजी चरम पर है, जिसे देखते हुए हाईकमान ने पीएल पुनिया को पर्यवेक्षक बनाकर उत्तराखंड भेजा है। शनिवार को देहरादून नेता एयरपोर्ट से सीधे राजपुर रोड स्थित होटल पहुंचे। होटल के बाहर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा एआईसीसी के सचिव काजी निजामुद्दीन, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत हुआ है उसको लेकर सत्याग्रह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पर भी कांग्रेस पर्यवेक्षक और प्रभारी की नजर है। उन्होंने कहा, भर्ती घोटाले और अंकिता हत्याकांड मामले में वीआइपी के नाम को लेकर भी पर्यवेक्षक के तौर पर पीएल पुनिया देहरादून पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी निष्कर्ष निकलेगा, उसे पीएल पुनिया हाईकमान तक पहुंचाएंगे। गौरतलब है कि देहरादून पहुंचने के बाद कांग्रेस





पहुंचने पर एआईसीसी के पर्यवेक्षक पीएल पूनिया का कांग्रेस नेताओं ने उनका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। कांग्रेस के दोनों समेत तमाम नेता मौजूद थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कांग्रेस पर्यवेक्षक पीएल पुनिया उत्तराखंड के हालातों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ जो कुछ उनके द्वारा कार्यकर्ताओं और नेताओं से सलाह मशवरा किया जा रहा है। करन माहरा ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं को कई चीजों को लेकर असंतोष है, इस विषय में भी बातचीत कर रहे हैं। इसके लिए पर्यवेक्षक बारी-बारी से नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। साथ ही रविवार को कांग्रेस पर्यवेक्षक पुनिया कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ, जिला अध्यक्षों की बैठक भी लेने जा रहे हैं।

# सीएम धामी ने जगद्गुरु शंकराचार्य से चारधाम यात्रा को लेकर किया मंथन

हरिद्वार।चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने ने कनखल स्थित जगद्गुरु आश्रम पहुंचकर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से आशीर्वाद लिया। सीएम ने जगद्गुरु शंकराचार्य से चारधाम यात्रा को लेकर मंथन किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि चारधाम के लिए उत्तराखंड पहुंचने वाले हर श्रद्धालु को दर्शन कराएंगे। यह सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार धर्मनगरी है, संतों का मार्गदर्शन जरूरी है। सरकार के कार्यों का फीड बैक मिलने से काम



करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर साल यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। इस बार देशभर में कोरोना के मामले बढ़ने से यात्रा चुनौतीपूर्ण जरूर है। लेकिन सरकार एहतियात के हर कदम उठा रही है। कोविड गाइड लाइन के पालन के साथ यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखना भी सरकार का काम है। अभी तक 13 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवा लिया है। चारों धामों में यात्रियों की संख्या सीमित किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी यात्री उत्तराखंड पहुंचेगा उनको दर्शन करने का मौका मिलेगा। दर्शन करवाए जाएंगे। सरकार इसका ध्यान रखेगी कि इससे जुड़े लोगों की आजीविका प्रभावित न हो। कैसे सभी को दर्शन कराए जाएं इस पर विचार हो रहा है।

# भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, रुद्रपुर शाखा का दायित्वग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित हुआ। समारोह में प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य संजय राधू ने नवनियुक्त अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष , महिला संयोजिका सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना, सचिव कीर्ति निधि शर्मा, कोषाध्यक्ष केवल कृष्ण ईशपुजानी, उपाध्यक्ष (सेवा) कैलाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष (संस्कार) पंकज बांगा, उपाध्यक्ष (संपर्क) संजीव अरोरा, उप सचिव राजेंद्र सहाय, महिला संयोजिका गुंजन खेड़ा, सह संयोजिका काजल सिंघल,राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजिका पूनम गुप्ता, सह संयोजिका मंजू सिंघल भारत को जानो प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजक विवेक बिसेन, सह संयोजिका निशा अरोरा, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम संयोजिका सीमा बिंदल, सह संयोजिका स्नेहा मिड्ढा, गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र मिड्ढा, सह संयोजक अजीत पाल स्थापना दिवस (10 जुलाई) कार्यक्रम संयोजक राजकुमार गाबा, सह संयोजक रोहित सह संयोजक अजय बंसल, मीडिया प्रभारी संजय ठुकराल को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य नरेन्द्र अरोरा,नरेन्द्र अरोरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत कार्यकारिणी को भारत विकास परिषद की रीति नीति के अनुरूप कार्य करने को संकल्पित किया।मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने सभी सम्मानित सदस्यों के समक्ष एक नये एवं बेहतर रुद्रपुर का गर्ग,प्रांतीय संयोजक संस्कार श्रीमती पारुल गुप्ता, भा०वि०प०चैरिटेबल ट्रस्ट रुद्रपुर के चेयरमैन हरनाम चौधरी,रुद्रपुर शाखा प्रभारी विश्वनाथ एवं रुद्रपुर शाखा के राजकुमार बिंदल, अमित गंभीर, सिंघल, मनीष अग्रवाल, सुखदेव भल्ला, महेंद्र गोयल, अमित मित्तल, दिनेश बठला, वीपी गुप्ता, राघवेंद्र माथुर, सुरेश बब्बर, राजकुमार खनिजो, हरीश इश्पुजानी, अनिल बत्रा, गोपाल महेश्वरी,






कपूर रक्तदान कार्यक्रम संयोजक यमन बब्बर, सह संयोजक राकेश बंसल,नेत्रदान कार्यक्रम संयोजक राजेश जैन, सह संयोजक संजय कुमार, नशा मुक्ति कार्यक्रम संयोजक विशाल गोयल, विकास परिषद के सदस्यों का दायित्व है कि समाज में प्रगाढ़ सम्पर्क के माध्यम से सहयोग लेकर समर्पण के भाव के साथ सेवा एवं संस्कार के उच्च स्तर को स्थापित करें । उन्होंने नवनियुक्त संकल्प रखा तथा उसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने हेतु भारत विकास परिषद के सदस्यों के सकारात्मक सहयोग मिलने का विश्वास जताया। कार्यक्रम में प्रान्तीय संरक्षक विजयभूषण विशाल खेड़ा, ललित मिगलानी, राकेश दुनेजा, हरीश जहलोत्रा, राहुल सिंघल, मनोज अरोरा, दीपक अरोरा, दिवाकर पांडे, कैलाश राजपूत, वीरेंद्र जिंदल, सान्या गंभीर, रेखा अरोरा, सुनीता खेड़ा, अशोक दिनेश मालू, गौरव सिंघल, विपिन लूथरा, सोनू अनेजा, शरद गुप्ता, भारत भूषण चुघ, अजय अग्रवाल, मनोज मित्तल, विपिन गुलाटी, मानस जयसवाल, संदीप पुंशी सहित 114 सदस्य उपस्थित रहे।

# उमंग सामाजिक सेवा समिति ने आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उमंग सामाजिक सेवा समिति द्वारा आज द्वारिका फार्म वेंकट हॉल, सीटी वन रोड़,भूरारानी में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज की पूज्यनीय माता जी श्रीमती भगवान देवी बजे तक आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने नेत्र, जोड़ों के दर्द सहित अन्य रोगों का परीक्षण कराया। इस दौरान इच्छुक लोगों के नेत्र एवं देह दान करने के घोषणा फार्म भी भरवाए गए। समिति के सचिव भारत भूषण चुघ ने उपस्थित लोगों को नेत्रदान के प्रति उसका प्रत्यारोपण करना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि समिति के माध्यम से अब तक तमाम नेत्रहीन लोगों के नेत्रों को कार्निया प्रत्यारोपण के द्वारा रोशनी प्रदान की जा चुकी है। श्री चुघ ने कहा समिति द्वारा पूर्व में जनहित के कार्यों के मद्देनजर गरीब परिवार की कई लड़कियों का विवाह कराया गया। जनसेवा के कार्य के प्रति समर्पित रहते हैं। इस मौके पर सीताराम अरोरा एनएल गंगवार, जगतार सिंह गिल, पंकज खेड़ा, किशोर अरोरा, बल्देव राज छाबड़ा, हेमंत कटारिया, उमेश कुमार सिंह, जितेंद्र शर्मा, राजेन्द्र खंडूजा, कैलाश गिरी, मंजुला मिश्रा, आशा रानी, किरन छाबड़ा,





द्वारा फीता काट कर किया गया। शिविर में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन एवं ग्लूकोमा सर्जन डा. नूतन जैन, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. नवीन अग्रवाल व डा. साक्षी पुरी ने आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 जागरूक करते हुए कहा कि मृत्यु पूर्व नेत्रदान की घोषणा कर हम मरणोपरांत समाज में नेत्रहीन लोगों की आंखों को रोशनी प्रदान कर सकते हैं। यह मृत्यु पूर्व किया गया पुण्य कार्य है। उन्होंने बताया कि मृत्यु उपरांत छ: घंटे के भीतर आंख का कार्निया निकालकर 72 घंटे के भीतर वहीं विद्यालयों में गरीब परिवार के बच्चों की हर संभव की जाती रही है। श्री चुघ ने बताया कि समिति अध्यक्ष जगतार सिंह गिल, संरक्षक बलदेवराज छाबड़ा, सीताराम अरोरा, प्रचार सचिव कैलाश गिरी व संगठन सचिव उमेश कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य हमेशा जसविंदर कौर, कैलाश बिष्ट, सोमा, माया, रेखा, अन्नू यादव, मंजू बिष्ट, ऊषा छाबड़ा, सरिता खंडूजा, कमलेश सचसेवा, ममता कालड़ा, मन मोहन सिंह, मो.जाहिद, प्रदीप सहगल, दीपिका गांधी, अश्वनी बेदी, सुभाष बठला, हरीश ग्रोवर, मिथलेश, नीरू, सुरेश चंद व परशुराम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# अग्निकाण्ड से पीड़ित परिवार को दी राहत सामग्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 11 अप्रैल की प्रात: ट्रांजिट कैंप क्षेत्र अंतर्गत नंबर 3 के अरविन्दनगर निवासी वीरपाल पेन्टर के घर में लगी आग से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया था और पूरा घर जलकर राख हो गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वहां पहुंचकर वीरपाल को ढांढस बंधाया और पीड़ित परिवार को गैस सिलेंडर चूल्हा, दस टिन की चादरें, दो तख्त, कपड़े ,बर्तन ,बिस्तर फर्नीचर ,बेड शीट, गद्दे, दरियां आदि एकत्रित करके दिए। तीनों बच्चों की कॉपी किताबों



के शर्ट व स्कूल बैग आदि भी प्रदान किये। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, चंद्रसेन गंगवार, योगेश उपाध्याय, भरत लाल श्रीवास्तव, सर्वेश गंगवार, विपिन राजपूत,राहुल गुप्ता, रविकांत गिरी, जयप्रकाश, अजय गिरी, राजेश कुमार, पप्पू, देवेंद्र, शोभा विश्वकर्मा, सोनी, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com